भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 2784
दिनांक 12 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

ग्रामीण जिलों में पशु चिकित्सा सेवाएं और पशुधन उद्यमिता

2784. श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभाः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या मंत्रालय ने बस्ती, देवीपाटन और सहारनपुर जैसे पिछड़े जिलों में पशु चिकित्सा अवसंरचना मानचित्रण कराया है;
(ख) इन क्षेत्रों में परिचालित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों, औषधालयों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केंद्रों की संख्या कितनी है और इनकी स्थिति क्या है;
(ग) क्या ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन उद्यमिता अथवा पशु देखभाल संबंधी मॉड्यूलों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है; और
(घ) वर्ष 2022 से अब तक प्रशिक्षित व्यक्तियों में से कितनों को रोजगार दिया गया है अथवा स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) राज्य की मदद से पशु चिकित्सा अवसंरचना का मानचित्रण किया गया है। राज्य द्वारा भारत पशुधन पोर्टल पर जानकारी अपलोड कर दी गई है।

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस्ती, देवीपाटन और सहारनपुर जिलों में संचालित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों (MVU), पशु चिकित्सा अस्पताल, औषधालयों और कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों (AI) का विवरण निम्नानुसार है:

जिला/मंडल	मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई	पशु चिकित्सा अस्पताल	औषधालय	कृत्रिम गर्भाधान केंद्र
बस्ती	5	32	34	66
देवीपाटन	8	36	41	77
सहारनपुर	7	33	40	45

(ग) भारत सरकार (GoI) ने प्रशिक्षण के लिए राज्य को सहायता प्रदान की है। विवरण निम्नानुसार हैं:

I. वर्ष 2021-22 से कुल 47,918 मैत्री (ग्रामीण भारत में बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन) को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हैं।
II. बोवाइन प्रजनन सेवाओं के लिए MAITRI**,** को प्रोत्साहन दिया जाता है।
III. वर्ष 2021-22 से अब तक कुल 1,42,144 किसानों को क्षमता निर्माण और कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है।

(घ) उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 से स्वरोजगार के लिए कुल 1,65,200 प्रशिक्षुओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

****